प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/208 दिनांकः05 जुलाई, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022–23 के सम सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमो/विधाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के द्वितीय चरण की परीक्षाओं के परीक्षा फार्म भरे तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की पुनः तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2021/37 दिनांक 02 मई, 2023 एवं ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2021/184 दिनांक 24 जून, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2022–23 के सम सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमो/विधाओं (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के द्वितीय चरण की परीक्षाओं के **दिनांक 05 जुलाई, 2023 तक ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से** परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की सूचना दी गई थी।

उक्त के क्रम में कतिपय संस्थानों/छात्र/छात्राओं द्वारा ई–मेल अथवा आवेदन के माध्यम से परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि विस्तारित किये जाने का अनुरोध किया गया है, जिसको विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर से स्वीकार करते हुए उल्लेखित सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाओं के **परीक्षा फार्म भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क** जमा किये जाने हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि को पुनः विस्तारित करते हुए **दिनांक 15 जुलाई, 2023 तक ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत स्नातक एवं परास्नातक छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार **परीक्षा फार्म भराने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क** जमा करने का कष्ट करें।

भवदीय

05/7/2023

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति,/कुलसचिव,/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक,/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी स्टूडेट सेल, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक